सच लिखने का साहस...

अभियान आज तक

इंदौर-जयपुर से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली, अहमदाबाद, जयपुर, उदयपुर, कुशलगढ़, बुरहानपुर, नेपानगर, मंदसौर, जावरा, नीमच, उज्जैन, शुजालपुर, धार, भोपाल, झाबुआ, खरगोन और खंडवा जिलों के लिए इंदौर से प्रसारित

Social Media Editon | भारत

इंदौर, 11 अप्रैल 2025

प्रधान संपादक : चंद्रशेखर (राजू) वर्मा मो. 7089972010

संपादक मंडल
पंकज जैन, आलोक गुप्ता, सतिन्द्र सिंह अरोरा, अनुपम तिवारी, सुमित दोशी, अरविंद कोठारी, सन्नी कुमार कारड़ा, नरेंद्र सिंह दांगी, ए.के. वर्मा, अमित तिवारी

# महावीर जन्म कल्याणक पर कांच मंदिर से निकली भव्य स्वर्ण रथ शोभायात्रा श्रद्धालुओं का सैलाब उमंग के साथ उमड़ा

## आज पूरे विश्व को महावीर के सिद्धांतों पर चलने की है महती आवश्यकता



**सतीश जैन (इला बैंक) / अभियान आज तक**

इंदौर। दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद , इंदौर के तत्वावधान में महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर गुरुवार,10 अप्रैल 2025 को दोपहर 3.15 बजे कांच मंदिर , इतवारिया बाजार से भव्य स्वर्ण रथ शोभा प्रारंभ हुई ।

समाज के अध्यक्ष श्री राजकुमार जी पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि कार्यर्₹ म के मुख्य अतिथि थे श्री प्रकाश जी मोदी, सदस्य अल्पसंख्यक आयोग, दिल्ली। स्वर्ण रथ के सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया श्री मुकेश जी - चंदन बालाजी पाटोदी परिवार ने। जुलूस प्रारंभ कर्ता थे श्री नवीन जी - शिवानी जी गोधा परिवार। सम्नवयक थे श्री विनय बाकलीवाल।

स्वर्ण रथ के रजत सिंहासन पर विराजित प्रभु महावीर को निहारने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा । सारथी के रूप में श्री मुकेश जी पाटोदी परिवार बड़े मनोयोग से चला रहे थे। समाज के महामंत्री श्री सुशील पांड्या एवं राकेश विनायका ने बताया कि इंदौर शोभायात्रा में आचार्य श्री विनम्र सागर जी आचार्य विशद सागर जी, विप्रणत सागर जी, उपाध्याय विशरुद सागर जी, मुनि श्री निर्णय सागर जी , मुनि श्री आदित्य सागर जी, आर्यिका माता विरम्य श्री माताजी, विमल प्रभा माताजी, विभा श्री माताजी करीब 61 साधु साध्वियां पधारे ।

सभी आचार्यों एवं आर्यिका माताओं के प्रवचन का सार यह था कि कहा कि आज पूरे विश्व को महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर चलने की महती आवश्यकता है ,उन सभी ने इंदौर के इस कार्यर्₹ म की बहुत सराहना की।

रथ यात्रा प्रमुख संयोजक प्रिंसपाल टोंग्या ने बताया कि बताया कि इस वर्ष भी यात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही चली। जहां संतो के प्रवचन के पश्चात, भगवान महावीर स्वामी के कलशाभिषेक, सूर्यास्त पूर्व 6[illegible]25 पर हूए।



समाज श्रेष्ठी श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, एम के जैन, दिलीप पाटनी, अमित कासलीवाल, उज्जैन से पधारे फेडरेशन के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र जी कांसल व कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, कमलेश कासलीवाल इंद्र भवन ', मनीष गंगवाल, महावीर टाइम्स के संपादक श्री हेमंत जी जैन , श्रीफल न्यूज़ की संपादक श्रीमती रेखा जैन, पारस चैनल के श्री तल्लीन जी बढ़जात्या , राजेंद्र सोनी, पार्षद राजीव जैन, नवीन जैन जम्मू धवल,मनोज सेठी , देवेंद्र सोगानी, ऋषभ पाटनी, धीरेंद्र कासलीवाल, सुभाष सामरिया, अशोक डोशी, संजय पापड़ीवाल, प्रितपाल टोंग्या , आशीष जैन सूत वाला,रितेश पाटनी, संजय अहिंसा ,मुकेश बाकलीवाल, आदि हजारों की संख्या में समाज जन सम्मिलित हुए। सभी समाज जनों ने मनावर से पधारे पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी महिला और पुरुषों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं मनमोहक लोक नृत्य को बड़े चाव से देखा। शोभायात्रा में दो ऐरावत हाथी भी दर्शनीय थे। झांकियों और भजन प्रतियोगिता के निर्णायकों के लिए तीन मंच अलग से लगाए गए थे।

दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारीयों का सम्मान रास्ते में सोशल ग्रुप व संगठनों के करीब 55 मंचों से किया गया।

# महावीर जयंती पर भारतीय जैन मंच (हिंद ग्रुप) द्वारा निकाली झांकी एवं भव्य शोभायात्रा

## वीर शिरोमणि राणा सांगा के जयकारे से गूंज उठा शोभा यात्रा मार्ग






**प्रद्युम कुमार जैन / प्रतिनिधि अभियान आज तक**

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश/ भारतीय जैन मंच सब सुबह (हिंद ग्रुप ) की सुबह पांचों ब्रगेडो ने संयुक्त रूप से श्री महावीर जयंती भाग लिया भारतीय जैन मंच की ओर से एक झांकी शोभायात्रा में निकाली गई जिसमें वीर शिरोमणि श्री राणा सांगा जी को सांगानेर के श्री आदिनाथ जी के मंदिर में श्रीफल भेंट करते हुए दर्शाया गया शोभा यात्रा में इस झांकी पर कई जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य आरती भी की गई जैन मंच के सभी सदस्य झाकी के आगे चल रहे साउंड के बाहन पर देश भक्ति राजपूताना के मेवाड़ी गीतों के साथ हिंदू शौर्य और एकता के गीत बजाए जा रहे थे इस झांकी की भव्यता अदभुत दिख रही थी झाकी के पत्रों ने अच्छा अभिनय किया। इस झांकी के मुख्य संयोजक अनिकेत जैन थे इस कार्यर म में मंच की संस्थापक हिंद प्रद्युम्न हिंद राजा जैन हिंद अंकुश जैन हिंद अनिल जैन मनीष जैन हिन्द प्रवीण जैन हिंदसंजीव जैन राजीव कुक्कू हिंद अरविंद जैन हिंद दीपक जैन हिंदराजा धीरज हिंद विनय जैन हिंदलोकेश जैन हिंद विनोद जैन हिंद नेहा जैन हिंद स्वेतशिला जैन हिंद बंदना जैन हिंद महक जैन हिंद कपिल जैन हिंद सुभाष जैन हिंद दीपेंद्र जैन पत्रों में रवि अनिकेत चंदन आलेख ने भाग लिया हिंद बर्षा जैन हिमांशी जैन बंदना जैन खुशबू जैन ने भाग लिया।

# बदलते तकनीकी युग में शोध एवं रिसर्च आवश्यक - अरूण यादव

## जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में ''इंजीनियरिंग एवं फॉर्मास्यूटिकल उद्योग में चुनौतियॉ एवं संभावनाएं, विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

**खरगोन (अभियान आज तक )**




खरगोन/10 अप्रैल 2025/, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में गुरूवार 10 अप्रैल 2025 को ''इंजीनियरिंग एवं फार्मास्यूटिकल इण्डस्ट्री में चुनोतियॉ एवं संभावनाएँ'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स (सेमीनार) का आयोजन किया गया । इसमें एम.आई.टी. वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे के डायरेक्टर डॉ. आनन्द कुलकर्णी मुख्य वक्ता, जीएसआईटीएस इन्दौर प्रो. एल.डी. मालवीय एवं डॉ. देवेन्द्र सिंह वर्मा प्रोफेसर आई.ई.टी. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर सेशन चेयर के रूप में उपस्थित थे ।

राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना एवं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय , डीन डॉ. सुनील सुगंधी एवं कार्यशाला संयोजक डॉ. मनीष देशमुख द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया । अपने उद्बोधन में संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय ने कहा कि एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के माध्यम से हमनें देश प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के इंजीनियर्स, शोधार्थी एवं औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत प्रोफेशनल्स के लिए एक विशिष्ट मंच प्रदान किया है । जिसके माध्यम से सभी एक मंच पर इंजीनियरिंग एवं फॉर्मेसी के क्षेत्र में संभावनाओं का विश्लेषण कर सकेंगें । डॉ. सुनील सुगंधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं एवं फॉर्मेसी के क्षेत्र में अपार संभावनाऍ है । साथ ही यह क्षेत्र असीमित चुनौतियों से भरे हुए है । हमें इनका विश्लेण कर नए आयाम प्राप्त करना है । यह एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सभी शोधार्थियों को एक मंच प्रदान करेंगी ।

सेशन चेयर डॉ. आनन्द कुलकर्णी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशिल इंटेलीजेन्स का है जिसमें विभिन्न स्तर के बौद्धिक एवं तकनीकी गणनाऍ कम्प्यूटर द्वारा संपादित की जा रही है । एआई के उपयोग से टेक्नलॉजी के क्षेत्र में मानवीय त्रुटियॉ कम हो गई है और परिणाम सटीक प्राप्त हो रहे हैं । कम्प्यूटर प्रोग्राम भी एआई के सहयोग से तैयार किये जा रहे है । यह टेक्नालॉजी का परिष्कृत रूप है । प्रो. एल.डी. मालवीय एवं डॉ. देवेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा भी टेक्नालॉजी के अनुप्रयोगों पर , रचनात्मक विचारों, अपने शोध को साझा करने एवं अपनी रिसर्च को सभी तक पहुॅचाने के विकल्पों पर प्रकाश डालते हुए शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया ।

कार्यशाला संयोजक डॉ. मनीष देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के मुख्य ट्रस्टी एवं पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव जी एवं मप्र के पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव जी की प्रेरणा से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संस्था द्वारा सुनिश्चित किया गया है । कार्यशाला के संरक्षक सचिव ट्रस्ट एल.एल. भट्ट? एवं वरिष्ठ संचालक इंजी. संजीत यादव हैं । साथ ही संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय एवं डीन डॉ. सुनील सुगंधी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हुई ।

संस्था के डीन डॉ. सुनील सुगंधी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिवसीय कार्यशाला में शोधकर्ताओं द्वारा कुल 198 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये गये । इसमें कम्प्यूटर आईटी के 76, एमसीए के 13, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन के 22 , इलेक्ट्रीकल इंजी. के 18 सिविल इंजीनियरिंक के 20, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 , कृषि प्रौद्योगिकी के 07 एवं विज्ञान एवं अन्य क्षेत्रों के 28 शोध पत्र सम्मिलित थे । एक दिवसीय कार्यशाला में पधारे विशिष्ट अतिथियों एवं शोधार्थियों का आभार प्रो. विनय देउलकर ने व्यक्त किया ।

बदलते तकनीकी युग में शोध एवं रिसर्च आवश्यक - अरूण यादव - जेआयटी बोरावां में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन पर पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने अपने संदेश में आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी शोधार्थियों को शुभकामनाऍ प्रेषित की । श्री यादव ने कहा कि आज के बदलते तकनीकी युग में शोध एवं रिसर्च अत्यंत आवश्यक है । यह एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रिसर्च के क्षेत्र से जुड़े शोधार्थियों का मार्ग प्रशस्त करेगी ।

अभियान आज तक

राजस्थान

11 अप्रैल 2025

Social Media Editon



# भाजपा 13 से 25 अप्रैल तक प्रदेशभर में चलाएगी संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर 'सम्मान अभियान' : मोतीलाल मीणा

## सम्मान अभियान के तहत 11 अप्रैल को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला होगी आयोजित : मोतीलाल मीणा

**वीरेंद्र कुमार शर्मा अभियान आज तक**

जयपुर, 10 अप्रैल 2025। भारतीय जनता पार्टी की ओर से 13 से 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती सम्मान अभियान चलाया जाएगा। अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को विधानसभा के नजदीक स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। अभियान समिति के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने बताया कि अभियान के तहत आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा, मोहन दास अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्य वक्ता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्याक्ष अभिनव सिंह की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, डॉ अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी सहित प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिलों की अभियान समिति के सदस्य, मंत्री मंडल के सदस्य, विधायक, पूर्व विधायक सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।




समिति के प्रदेश संयोजक मोतीलाल मीणा ने बताया कि संविधान निर्माता, भारत र% डॉ. भीमराव अंबेडकर 'सम्मान अभियान' के तहत भाजपा की ओर से 13 अप्रैल को बाबा साहब की प्रदेशभर की सभी प्रतिमाओं को साफ किया जाएगा। पार्क, चौराहे पर स्थित प्रतिमाओं की सफाई के बाद रात्रि में दीप जलाए जाएंगे। इसके लिए भाजपा के पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रम तय किए गए है। वहीं 14 अप्रैल को भाजपा एवं भाजपा की आनुषंगिक संगठनों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण के बाद पुष्पाजंलि अर्पित की जाएगी। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया जाएगा। जिला स्तर पर बाबा साहब और संविधान के प्रति भाजपा द्वारा किए गए कार्यों को प्रदर्शिनी के माध्यम से आमजन को बताया जाएगा।

समिति के प्रदेश संयोजक मोतीलाल मीणा ने बताया कि 15 से 25 अप्रैल तक भाजपा की ओर से प्रदेश की सभी नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, पंचायत, जिला स्तर सहित करीबन 250 स्थानों पर प्रबुद्धजन संगोष्ठियों के माध्यम से बाबा साहब के लिए भाजपा की ओर से किए गए कार्यों को बताएगी। इस दौरान कांग्रेस द्वारा बाबा साहब के प्रति किए गए दुर्व्यहार की जानकारी भी आमजन को दी जाएगी। गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में टीम संयोजक मोतीलाल मीणा के नेतृत्व में समिति की टीम के साथ बैठक आयोजित की गई।

## तारबन्दी योजना में किसानों को मिलेगा 70 प्रतिशत तक अनुदान अब दो बीघा जमीन वाले किसानों को भी मिलेगा योजना का लाभ

**विशेष प्रतिनिधि / अभियान आज तक**

सीकर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के उन किसानों को भी अब सरकार की तारबन्दी योजना का लाभ मिलेगा, जिनके पास दो बीघा भूमि है। इससे वे जंगली एवं निराश्रित पशुओं से अपनी फसलों की सुरक्षा का सकेंगे। इस बारे में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। कृषि विभाग द्वारा कटिदार विशाल तारबन्दी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जारी दिशा-निर्देश के अनुसार अब एक जगह दो बीघा भूमि होने पर भी किसानों को तारबंदी योजना का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के लिए कांटेदार व चेनलिंक तारबंदी योजना के तहत पूर्व वर्षों में तारबंदी योजना के लिए एक ही जगह न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर (6 बीघा) भूमि होना आवश्यक था, लेकिन इस वर्ष विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में व्यक्तिगत एवं समूह में तारबंदी करवाने वाले किसान एक जगह न्यूनतम 0.5 हैक्टेयर (दो बीघा) भूमि होने पर तारबंदी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। ऐसे मिलेगी सहायता-संयुक्त निदेशक कृषि ने बताया कि कांटेदार एवं चैनलिंक तारबंदी योजना में किसानों की सामुदायिक- भागीदारी बढ़ाने के लिए समूह में यदि न्यूनतम 10 किसान मिलकर 5 हैक्टेयर (20 बीघा) भूमि में तारबंदी करवाते हैं तो सभी किसानों को 70 फीसदी अनुदान राशि के हिसाब से प्रति किसान अधिकतम 400 रनिंग मीटर लंबाई पर 56 हजार रुपए की अनुदान राशि मिलेगी। योजना के अनुसार व्यक्तिगत या समूह में एक ही जगह पेरिफेरी में न्यूनतम 0.5 हैक्टेयर (2 बीघा) भूमि पर तारबंदी करवाने पर लघु एवं सीमान्त किसानों को 60 फीसदी अनुदान प्रति किसान अधिकतम 400 रनिंग मीटर लंबाई पर अधिकतम 48 हजार रुपए एवं सामान्य किसानों को 50 फीसदी अधिकतम 40 हजार रुपए।

## स्टेशन मण्डल ने पार्क, मंदिर में श्रमदान कर मनाया भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़ा सामाजिक सरोकार ही भाजपा की मूल भावना : दिनेश सरसिया

**कोटा से प्रतिनिधि/ अभियान आज तक**

कोटा / भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल से शुरू हुआ पखवा?ा के अंतर्गत आज भाजपा स्टेशन मण्डल कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया के नेतृत्व में एवं मण्डल प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा की उपस्थिति में शास्त्री पार्क एवं नर्वदेश्वर नाथ महादेव मंदिर भीमगंजमंडी पर श्रमदान करते हुए सामाजिक सरोकार के कार्य किये।

मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया ने बताया कि यशश्वी जिलाध्यक्ष राकेश जैन जी के नेतृत्व में सभी मण्डलों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।




स्टेशन मण्डल में अब तक कई भाग संख्या के बूथों पर बैठक करते हुए खाद्य सुरक्षा के पात्र परिवारों के फार्म भरवाए जा रहे है। साथ ही पार्टी की रीति नीति अनुसार एवं माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्रीमान ओम बिरला जी की भावना अनुसार सदैव सामाजिक सरोकार के कार्य करना ही भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान है।

कार्यकर्ताओं को सम्भोधित करते हुए राजस्थान पाठ्य पुस्तक प्रन्यासी, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिसोदिया ने पार्टी के जनसंघ से लेकर भाजपा गठन तक के काल,घटना आदि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सदैव कार्यकर्ताओं को इसी प्रकार कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा, वरिष्ठ नेता अरविंद सिसोदिया, गोपाल श्रीवास्तव, पवन शर्मा, अमन हरित, निखिल शर्मा,शैलेश गौतम,नागेश यादव,कुलदीप खो?ा, आशीष दिवाकर,हुकूमत सिंह झाला, यतेन्द्र चौधरी, मनीष वालिया, नरेश सेन,हरीश प्रजापति,हेमन्त वर्मा,करन चौहान,ब्रजमोहन महावर,नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पुजारी पंडित श्याम सुंदर शर्मा, पंडित लोकेश शर्मा, दिनेश पाठक आदि मौजूद रहे।

## राकेश जैन ने किया शीतल प्याऊ का उद्घाटन भगवान महावीर जन्मकल्याण महामहोत्सव

**कोटा से गोपाल सोनी / अभियान आज तक**

कोटा 10 अप्रेल। श्री 1008 भगवान महावीर जन्मकल्याण महामहोत्सव के पावन अवसर पर स्वर्गीय बाबूलाल जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर, पुत्र निशांत जैन द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में दशहरा मैदान प्रांगण में शीतल प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने सभी को वर्तमान शासन नायक श्री 1008 भगवान महावीर जन्मकल्याण महामहोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्रीजी की भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं दहशरा मैदान में आयोजित भव्य समारोह में विराजमान मुनि श्री 108 अरह सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 विभोर सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

राकेश जैन ने कहा कि भगवान महावीर जी का संदेश - जियो ओर जीने दो हैं। इस गर्मी में शीतल प्याऊ लगाकर आमजन को पीने के लिये ठंडा पानी उपलब्ध करवाना परम पुण्याई का कार्य है। इस तरह के परोपकार के कार्य सभी को करने चाहिये।इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के परम संरक्षक विनोद जैन टोरडी, विमल जैन वर्धमान ज्वेलर्स वाले, राजेश जैन आनंद ,मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश महावर आदि उपस्थित रहें।



# भामाशाह राजाराम बोहरा की अनुकरणीय पहल, श्मशान के लिये आधा बीघा भूमि सरकार को समर्पित की तहसीलदार रामधन गुर्जर को सौंपा समर्पणनामा

**कोटपूतली (राजस्थान) से संजय जोशी/अभियान आज तक**

समीपवर्ती ग्राम अजीतपुरा खुर्द (फामड़ा की ढ़ाणी) निवासी भामाशाह राजाराम बोहरा ने अनुकरणीय पहल करते हुये अपने हिस्से की आधा बीघा खातेदारी भूमि श्मशान भूमि के लिये दान कर पुण्य का कार्य किया। उल्लेखनीय है कि गाँव में वर्षों से श्मशान भूमि की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। जिससे अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण कार्य में ग्रामीणों को बार-बार कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। हालांकि पूर्व में भी इस भूमि का उपयोग अनौपचारिक रुप से श्मशान के रूप में होता रहा है, लेकिन अब राजाराम बोहरा ने इस भूमि को विधिवत और आधिकारिक रुप से राज्य सरकार को समर्पित कर दिया है, ताकि इसे सभी जातियों के लिये स्थायी रुप से श्मशान भूमि घोषित किया जा सके। राजाराम बोहरा का यह योगदान ना केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करेगा, बल्कि यह समाज सेवा की भावना को भी एक नई दिशा देगा। उन्होंने तहसीलदार रामधन गुर्जर को समर्पणनामा सौंपा। तहसीलदार रामधन गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों ने राजाराम बोहरा की इस समाजोपयोगी पहल की सराहना की और उनके परिवार को बधाई देते हुये कहा कि ऐसे कार्य दूसरों के लिये भी प्रेरणा स्रोत बनते हैं। गांव के लोगों ने भी भामाशाह परिवार का आभार जताया। सत्यवीर ने बताया कि गांव में आज तक सरकार या पंचायत की ओर से श्मशान भूमि चिन्हित नहीं की गई थी। अब जब यह भूमि औपचारिक रुप से समर्पित हो गई है तो पंचायत इसे रिकॉर्ड में दर्ज कर श्मशान के रुप में मान्यता दे सकती है। इस दौरान रामसिंह गुर्जर, नरेश फामड़ा, सत्यवीर फामड़ा, सचिन फामड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# फूले दंपति ने भारतीय समाज को कुरीतियों से दूर कर मुख्य धारा में लाने का कार्य किया : राधा पटेल

## महात्मा ज्योतिबा फूले की 198 वीं जयंती पर 13 वाँ विशाल रक्तदान शिविर आयोजित, 92 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली (राजस्थान)से संजय जोशी/अभियान आज तक**

महात्मा ज्योतिबा फूले की 198 वीं जयंती पर सैनी युवा टीम के तत्वाधान में कस्बे के डाबला रोड़ स्थित एक निजी मैरीज गार्डन में 13 वाँ विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढकर रक्तदान करते हुये कुल 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर का शुभारम्भ विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि फूले दंपति ने कुरीतियों की जड़ में फंसे भारतीय समाज को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया। जहाँ महात्मा ज्योतिबा फूले को समाज की विभिन्न विषमताओं से संघर्ष के लिये याद किया जाता है। वहीं माँ सावित्री बाई का जो योगदान स्त्री एवं बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने में है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। कुल मिलाकर दोनों का संघर्ष 21 वीं सदी के नये भारत के निर्माण में मील का पत्थर है। 19 वीं सदी में उन्होंने जो प्रयास किये वो आज रंग ला रहे हैं। कार्यर्₹ म में शिरकत करते हुये भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा व सावित्री बाई के संघर्ष ने



आधुनिक भारत की नींव तैयार की है। समाज के हाशिये पर रहने वाला तबका आज मुख्य धारा में शामिल होकर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुये सभापति प्रतिनिधि पुष्पा सैनी ने फूले दंपति को जल्द से जल्द भारत र% दिये जाने की मांग की। संचालन प्रमोद गुरूजी ने किया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। आगन्तुकों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पूर्व चैयरमैन प्रकाश चंद सैनी व एड. महेन्द्र कुमार सैनी, सैनी सभा प्रमुख रामावतार सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले समिति अध्यक्ष हनुमान सैनी, फल-सब्जी मंडी अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी व बिड़दीचंद हवलदार, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, कन्हैया लाल सैनी, श्रीराम टमाटर वाले, जगदीश सैनी, ख्यालीराम, सुगन भाई, महेश मीणा, प्रो. आर.पी.गुर्जर, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, जिला पार्षद मंजू रावत, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण सैनी, भाजपा नेता इंजी. वि₹ म कसाना, एड. कमल कसाना, पंसस प्रतिनिधि एड. वीरू कसाना, शशि मित्तल, गोपाल मोरीजावाला, कांग्रेस नेता तारा पूतली, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप पूतली, शिक्षाविद् पूरण कसाना, अशोक सिंह, पार्षद राकेश सैनी, रमेश सैनी, विष्णु सिंह भाटी, रघुवीर गोयल, रामेश्वर सैनी, कपिल चौहान, कृष्ण कारोडिय़ा, उमेश आर्य, लालचंद सैनी, रोहिताश सैनी, एड. योगेश सैनी, रामसिंह सैनी, जगदीश खेमजी, रामकरण सैनी, कैलाश सैनी, रमेश सैनी, पूर्व पार्षद राजेन्द्र सैनी, बलेसिंह सैनी, बंटी सैनी, मोनू सैनी, महावीर सांखला, छीत्तरमल सैनी, प्रकाश तौंदवाल, प्रहलाद सैनी, नत्थु अमीन, रणजीत सैनी, नरेश कुमावत, विजय बिजवाडिय़ा, सचिन यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024: 12 अप्रेल को दो पारियों में प्रात:10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपराहन 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी सीकर जिले के कुल 21 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी

**विशेष प्रतिनिधि / अभियान आज तक**

सीकर ।राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा, 2024 सीकर जिले के कुल 21 परीक्षा केन्द्रों पर 12 अप्रेल 2025 को दो पारियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपराहन 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में सीकर जिले में कुल 10896 परीक्षार्थी भाग लेगें। अतिरिक्त जिला कलक्टर(शहर) सीकर एवं जिला समन्वयक भावना शर्मा ने बताया है कि परीक्षा के लिए सीकर जिले में सभी परीक्षा केन्द्र राजकीय होगें। परीक्षा दिवस को प्रश्न पत्र राईफलधारी गार्ड के साथ उप समन्वयकों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर वितरित किये जायेगें। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के दौरान निरीक्षण एवं जांच के लिए 4 उ?नदस्ता दलों का गठन किया गया है। जिसमें से प्रत्येक दल में 1 राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, 1 राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी एवं 1 शिक्षाविद् अधिकारी शामिल होगें। भावना शर्मा ने यह भी बताया है कि कोई भी डमी केन्डीडेट के शामिल होने या नकल संबंधित सूचना मिलने पर तुरन्त जिला प्रशासन को सूचित करवाने के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया है। राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती के अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 2022 एवं संशोधन अधिनियम, 2023 के अन्तर्गत 10 लाख से 10 करो? तक जुर्माना एवं 10 साल से आजीवन कारावास की सजा के प्रावधान है, एवं यह प्रावधान सिर्फ अभ्यर्थी पर ही नही बल्कि इसमें शामिल परीक्षा आयोजन से जु? सभी स्टॉफ, कर्मचारियों पर भी लागू होते है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 2-2 विडियोग्राफर नियुक्त होगें एवं प्रत्येक कक्ष में सी0सी0टी0वी0 कैमरे भी लगाये गये है। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रत्येक पारी की परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 1 घंटे पूर्व बन्द कर दिया जावेगा।

# डायरियों पर धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब , जिम्मेदार क्यों है मोन ? किराना दुकानो पर बिक रही अवैध शराब ,

**दीपक सांकला/अभियान आजतक**



रतलाम।जिले के पिपलोदा तहसील मे इन दिन ठेकेदार को शराब बैचने के लिये गाँव-गांव मे डायरी पर बेच रहे शराब जिस कारण पूरे क्षेत्र मे खुलेआम ध?ल्ले से शराब बैची जा रही है, शराब दुकान से पूरे ग्रामीण क्षेत्रों मे ठेकेदार के आदमीयो द्वारा शराब पहुंचाकर देते है गली-गली शराब का भन्डार लग गया है ओर आपकारी विभाग मौन बैठा हुआ है, यहाँ तक की किराना दुकानो पर भी अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही हैं फिर भी कोई जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं ।

पिपलोदा , कालूखे?ा, सुखे?ा , मावता, रियावन, चिपिया सहित कमलाखेड़ा, बड़ौदा , नांदलेटा, बड़ायला माताजी, अयाना में भी शराब दुकान से लगभग 120 पँचायतो मे शराब ठेकेदार डायरी पर शराब की बिर्ी करवा रहे हे, जबकि शासन ने इन्हे सिर्फ एक स्थान का लाईसेस दिया है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा देशी शराब दुकान पर भी विदेशी शराब भी बैची जा रही , आपकारी विभाग की मिली भगत एवं पुलिस की अनदेखी के कारण आज पूरा क्षेत्र शराब मय होते जा रहा हे ये वही कहावत हे अन्धाँ बाँटे रेवडी लूट लूट खाओ रेव?ी ।

सरकार ने एक स्थान का लाइसेंस दिया पर गांव-गांव डायरियों पर बिक रही शराब,,,

ठेकेदार को पुलिस और नेता नगरी का हो साथ तो फिर काहे का डर की बात, कोई क्या करेगा हम पहुंचाहेंगे गांव-गांव डायरियो पर शराब जी हां हम बात कर रहे हैं रतलाम जिले के पिपलोदा, कालूखे?ा , मावता, सुखे?ा क्षेत्र की जहां शराब माफिया अवैध शराब का कारोबार जोरों पर कर रहे हैं और वह बिना डर और भय के क्योंकि उनका कहना है पुलिस तो मजे में हैं और स्थानीय नेता ने हमारे साथ हैं ऐसे में हम पर कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकती और होती है तो छोटे-मोटे केस बना कर छोड़ दिया जाता है, जिले के अंतिम छोर पर बसी तहसीलो में शराब माफियाओं का आतंक मचा हुआ है, दादागिरी के साथ अवैध शराब परोस रहे हैं कोई उनको रोकने टोकने वाला तक नहीं है, पुलिस को भी उनकी पूरी जानकारी होने के बावजूद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती हैं ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, शासकीय स्कूल कि बाउडरी व नगर में शराबी क्षेत्र उत्पात मचाते रहते हैं । वही ग्रामीण क्षेत्र में शराबी शासकीय स्कूलों को भी शराब का अड्डा बनाकर बैठे रहते है, पर जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान देने को तैयार नही है।

जिम्मेदार अधिकारी जावरा सी. एस.पी दुर्गेश आर्मो ने बताया कि ठेकेदार द्वारा डायरी पर अवैध शराब बेचने को लेकर मामला संज्ञान मे आया है जांच कर उचित करवही कि जयेगी।

जिला आबकारी अधिकारी शबाब अहमद सिद्दीकी ने बताया कि डायरी पर बेचने को लेकर ऐसा कोई लाइसेंस हमारे द्वारा नहीं दिया जाता है , जो डायरी पर बेच रहे हैं वो अवैध है जल्दी कार्रवाई करेंगे।

# गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी की प्रेरणा से दिलीपचंद नाहर परिवार एवं झूबर लाल भंडारी परिवार ने दी आराधना भवन के लिए जमीन



**विनोद बी खाबिया अभियान आज तक**

परतुर/ पू सुविशाल गच्छाधिपति, ह्रदय सम्राट,परतुर संघ के उद्धारक, राष्ट्रसंत जैनाचार्य देवेश श्रीमद्विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. के आशीर्वाद से गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. की निश्रा में मुनि प्रवर श्री विद्वत र% विजय जी म.सा.की प्रेरणा से *भूमिदानदाता लाभार्थी-परतुर (महा.) नि. स्व. सौ. कमलाबाई डॉ. माणकचंद जी सुपुत्र दिलीप- राजेश, पुत्रवधु - सौ. अंजली, सौ. मनीषा, पौत्र - अक्षय, नैतिक, पौत्री - आस्था, श्वेता समस्त नाहर परिवार द्वारा श्रीराज- राजेन्द्र-जयन्तसेन आराधना भवन के भूमि दानदाता द्वारा परतुर (महा.) में मंदिर के समक्ष स्थित लगभग 3000 स्क्वायर फीट भूमि आराधना भवन के लिए दी गई। जिस पर गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. ने विजय मुहूर्त में वासक्षेप कर श्री राज - राजेंद्र-जयंत- नित्य आराधना भवन निर्माण करने की बात कही। जिस पर परतुर श्री संघ के उपाध्यक्ष नेमीचंद अनीता कोटेचा ने हाल बनवाने की घोषणा की। वही वेयावच के लाभार्थी सुधीर पावेचा ने निर्माण के लिए एक लाख आठ हजार रुपए की घोषणा की। हमारे विशेष प्रतिनिधि विनोद बी खाबिया इंदौर ने बताया की इससे पूर्व भी इसी परिवार द्वारा वर्ष 2008- 09 में वर्तमान में जहां उपासना एवं मंदिर निर्माण है वह जमीन भी श्री संघ को दी गई थी। जिस पर दिनांक 23 अप्रैल 2015 को मंदिर का निर्माण किया जाकर उसकी प्रतिष्ठा मुनिराज डॉ. सिद्धर% विजय जी म.सा. मुनि प्रवर श्री विद्वत र% विजय जी म.सा. की पावन निश्रा में प्रतिष्ठा हुई थी ।

इसी तरह गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी प्रेरणा से श्रीमान झूबरलाल जी, शैलेश कुमार जी भंडारी ने भी परतुर गांव में श्री राजेंद्र सूरी आराधना भवन के लिए 2400 स्क्वायर फीट भूमि आज श्री संघ को दी।

इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष महेंद्र कोटेचा, विजय चंद कोटेचा, नेमीचंद कोटेचा, स्वप्निल भंडारी, बाबूलाल तलावत बेंगलुरु, महेंद्र चोरडिया जोबट,संतोष जैन निंबाहेड़ा,गौतम कोटेचा,अंजू कोटेचा,ललिता कोटेचा,अनीता कोटेचा सहित बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाए उपस्थित थे।

# हिन्दीयोद्धा डॉ. वेदप्रताप वैदिक' पुस्तक लोकार्पित




**विशेष प्रतिनिधि /अभियान आज तक**

इन्दौर। शहर में पत्रकारों की पुरातन संस्था इन्दौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इन्दौर मीडिया कॉनक्लेव में बुधवार को राजेन्द्र माथुर स्मृति व्याख्यान के दौरान डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' द्वारा लिखी पुस्तक 'हिन्दी योद्धाः डॉ. वेदप्रताप वैदिक' का लोकार्पण मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार पी. साईनाथ, इन्दौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इन्दौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, पद्मश्री जनक पलटा, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, प्रेस क्लब महासचिव हेमंत शर्मा, समाजसेवी अजय चौर?िया व वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा द्वारा किया गया।

डॉ. वेदप्रताप वैदिक के परिचय पर एकाग्र देश की पहली पुस्तक है। अब तक डॉ. वैदिक के अवदान और उनके कार्यों पर कोई पुस्तक नहीं लिखी गई।

डॉ. अर्पण जैन अब तक 15 से अधिक किताबें लिख चुके हैं और उन्हें साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश शासन द्वारा अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार व जम्मू कश्मीर साहित्य एवं कला अकादमी द्वारा अक्षर सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर सैंक?ों पत्रकार, साहित्यकार और विद्यार्थी इत्यादि मौजूद रहे। कार्यर् म संचालन संजय पटेल व आभार प्रेस क्लब उपाध्यक्ष दीपक कर्दम ने माना।

# खंडवा सांसद श्री पाटिल एवं बड़वाह विधायक श्री बिरला नर्मदा परिक्रमा यात्रा से लौटकर बाबा ओंकार एवं नर्मदा जी को जल चढ़ाया





**मुकेश शुक्ला /अभियान आज तक**

ओंकारेश्वर खंडवा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं बड़वाह विधायक श्री सचिन बिरला के द्वारा संयुक्त रूप से नर्मदा परिर् मा यात्रा के समापन पर 11 अप्रैल को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचकर गोमुख घाट पर नर्मदा परिर् मा यात्रा का समापन करेंगे पूजन आरती अभिषेक के बाद कन्या भोज एवं भंडारे का कार्यर् म के बाद यात्रा का समापन होगा

# मांडू की विजिटर्स डायरी में सीएम का नोट 'ऐतिहासिक शिल्पों में कालजयी गौरव'

# धरमपुरी में नर्मदा पूजन किया, मांडू में नीलकंठेश्वर महादेव के किए दर्शन, जहाज महल में सकोरों में परिंदों के लिए पानी भरा

( डॉ. अशोक शास्त्री ) अभियान आजतक



धार। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव धार जिले के प्रवास पर थे। कुक्षी में कार्यकर्ता सम्मेलन संबोधित करने के पश्चात उन्होंने मांडू में रात्रि विश्राम किया। गुरूवार को सीएम ने धरमपुरी में मां नर्मदा का पूजन किया। इसके पश्चात मांडू में पुरा महत्व के स्मारकों को देखा और उनके इतिहास के संबंध में जानकारियां ली। जहाज महल में सीएम डॉ यादव ने परिंदों के लिए सकोरे रखकर उसमें जल भरा और कहा कि गर्मी के दिनों में हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि परिंदों, गिलहरियों और ऐसे ही अन्य जीव-जन्तुओं के लिए अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी और दाना का प्रबंध जरूर करें। यह हमारी सनातन भारतीय संस्कृति हमें सिखाती हैं। इधर मांडू से लौटने के पूर्व उन्होंने विजिटर्स डायरी में अपने अनुभव नोट के रूप में अंकित किए। जिसमें उन्होंने लिखा कि ' मांडू के एतिहासिक व पुरातात्विक वैभव के दर्शन के दौरान वाकपति मुंज परमार काल से लेकर पश्चातवर्ती सभी शासकों के स्थापत्य को देख मन गौरव व आनंद से भर उठा। यह शिल्पकृतियां मात्र पत्थरों और ईंटों का संयोजन नहीं है बल्कि काल खंडों की गवाही है जो हमें अतीत के गौरवशाली अध्यायों से जो?ती है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती हैं'।

## महादेव का अभिषेक, महर्षि दधिच प्रतिमा का किया पूजन

सीएम ने मांडू में लाईट एंड साऊंड शो भी देखा। वहीं पीडब्ल्यूडी के खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के प्राचीन पे? को देखा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पे? के बारे में जानकारी दी। सीएम ने धरमपुरी पहुंचकर मां नर्मदा दर्शन किए। वहीं बेट संस्थान पर जागीरदार शिव का अभिषेक किया। मंदिर के निकट महर्षि दधिच की प्रतिमा का पूजन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक धरमपुरी कालूसिंह ठाकुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह, पर्यावरणविद् सचिन दवे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# किसानों के लिए जरूरी सूचना: फसल बीमा क्लेम के लिए 72 घंटे में सूचना देना जरूरी

विशेष प्रतिनिधि/ अभियान आज तक

सीकर । मौसम की मार झेल रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। अतिरिक्त निदेशक, कृषि विभाग, सीकर रामनिवास पालीवाल ने बताया कि रबी 2024-25 के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल किसानों को चक्र वात, बेमौसमी बारिश या ओलावृष्टि से फसल नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करानी होगी। यह सूचना कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन 14447, ष्टह्मश्च द्धठ्ठह्यह्वह्म्ड्डठ्ठष्–्रश्चश्च या बैंक व जिला अधिकारियों के जरिए दी जा सकती है।

उन्होंने बताया कि अगर 72 घंटे में पूरी जानकारी नहीं दी जाती, तो किसान 7 दिन में बीमा कंपनी को निर्धारित फॉर्म में विवरण जमा करा सकते हैं। बैंक को भी बीमित फसल और प्रीमियम की जानकारी सत्यापित कर बीमा कंपनी को तुरंत भेजनी होगी। समय पर सूचना नहीं देने से क्लेम में देरी हो सकती है।

# महावीर जयंती पर पूरे राजस्थान के सभी बूचड़खाने मांस मछली अंडा के विक्रय पर पाबंदी लगाने एवम सभी वध शालाएं में वध पर प्रतिबंध लगाने का सरकार की ओर से कोई आदेश नहीं–केसरीमल खोड़निया

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

कुशलगढ़ (अभियान आजतक )बड़ोदिया से केसरीमल खोड़निया ने बताया कि महावीर जयंती के लिए इन 8 दिनों में मुखमंत्री जी स्वायत शासन विभाग सेक्रेटरी मुयमंत्री जिलाधीश बांसवाड़ा सीएमएचओ बांसवाड़ा नगरपालिका आयुक्त बांसवाड़ा एसपी बांसवाड़ा जिले के सभी एसडीएम सबको कई मेल किए महावीर जयंती पर पूरे राजस्थान के सभी बूचड़खाने मांस मछली अंडा के विक्र य पर पाबंदी लगाने एवम सभी वध शालाएं में वध पर प्रतिबंध लगाने लेकिन राज्य सरकार ने एक भी नही सुनी और कोई आदेश नही निकाला कल तक बहुत मेल किए उन्होंने आदेश निकाला दारू की दुकानें नही खोले महावीर जयंती पर हमने जो मांग की उसकी एक भी नही सुनी जबकि प्रति वर्ष आदेश आते है स्वायत शासन विभाग से सभी राजस्थान की जिलाधीश महापोरो नगर पालिकाओं एसडीएमओ एवम सभी एसपीओ को बड़े दुख की बात है आज महावीर जयंती पर लाखो बेजुबान जीवो की हत्या हुई इस का कारण हम जैन समाज अल्प संख्यक है अगर इसी तरह अगर ये आदेश नही निकालते हैं तो



हम जैन समाज वालो को आंदोलन करना पड़ेगा। ये जानकारी केसरीमल (केशुभाई) खोड़निया बड़ोदिया मोब.एवम व्हाट्सएप 9829579672 ने दी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण पाठ आज से, शनिवार को तिवारी बहनों की भजन संध्या

## शाम को निकलेगी हनुमान ध्वज यात्रा



अभियान आज तक गंज बासौदा से मुकेश चतुर्वेदी

गंजबासौदा। चक्क स्वरूप नगर वार्ड नंबर 13 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व बेला पर शुक्र वार 11 अप्रैल को मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति हवन और भंडारे के साथ शनिवार को की जाएगी। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भोपाल से आ रही तिवारी बहनों के द्वारा शाम को मंदिर परिसर में बने भव्य मंच से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार शाम 4 बजे हनुमान ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो कि नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए चक्क स्वरूप नगर हनुमान मंदिर पर समापन होगा। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि गंगा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर काफी प्राचीन है जो कि करीब 800 साल से स्थापित है। मंदिर में महीने की हर पूर्णिमा को संगीत कलाकारों द्वारा भजन संध्या आयोजित की जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। मील रोड़ से लेकर मंदिर तक जाने वाली गली रंग बिरंगी लाइट झालर से सजाई गई है।



मंदिर परिसर के अंदर फूलों की गैलरी बनाकर विशेष सजावट की है। जन्मोत्सव के मौके पर संगीतमय अखंड रामायण पाठ के अलावा भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है जिसमें भोपाल (नजीराबाद)से आ रहीं श्रद्धा एवं श्रेया तिवारी बहनों के अलावा नगर के भजन गायक अनिल झा द्वारा हनुमान जी के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। शुक्र वार प्रातः 8 से रामायण का अखंड पाठ प्रारंभ हो जाएगा जिसकी शनिवार को हवन, अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति होगी। जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को प्रातःकाल तड़के हनुमान जी को चोला अर्पित कर विशेष श्रृंगार और विधि विधान के साथ उनका पूजन किया जाएगा। जबकि शाम 7 बजे से मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या प्रारंभ होगी।

गाजे बाजे के साथ निकलेगी हनुमान ध्वज यात्रा- शनिवार को शाम 4 बजे स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से हनुमान भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी जो की मुख्य मार्गों से होते हुए चक्क स्वरूप नगर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। ध्वज यात्रा में भजन मंडली के अलावा हनुमान जी की झांकी भी शामिल रहेगी। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने सनातन प्रेमियों और हनुमान भक्तों से हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# इंदौर शहर समेत संभाग में तीन नए बिजली सब स्टेशन तैयार : अनुप कुमार सिंह ( विद्युत कंपनी निदेशक ) उपभोक्ताओं को मिलेगा इसका लाभ



**विशेष प्रतिनिधि /अभियान आज तक**

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर राजस्व संभाग में बिजली के तीन स्थानों पर 33/11 केवी के नए सब स्टेशन तैयार किए हैं। इनसे हजारों बिजली उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 5 एमवीए क्षमता के इन प्रत्येक सब स्टेशन को रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) अंतर्गत तैयार किया गया हैं। ये सव स्टेशन इंदौर पश्चिम शहर पश्चिम संभाग में पंचकुईया के पास, झाबुआ जिले रंभापुर, और धार जिले में कुक्षी क्षेत्र के अखाड़ा (बाग) में तैयार हुए हैं। प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने बताया कि आरडीएसएस अंतर्गत कंपनी क्षेत्र में अब तक 66 नए सब स्टेशन तैयार होकर बिजली आपूर्ति कर रहे हैं। आरडीएसएस अंतर्गत नए सब स्टेशन से लाखों बिजली उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली प्रदाय हो रहा हैं, वोल्टेज की समस्या से निजात मिल गई हैं।



(मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी/ अभियान आज तक) 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यर् मों को लेकर कार्यर् मों के संयोजक श्री घनश्याम शेर सहसंयोजक श्री हरप्रीत सिंह बक्शी, श्री मुकेश राजावत एवं श्री राजेश शिरोडकर ने गीता भवन स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा सहित बजरंग नगर,नया बसेरा गांधी नगर, पंचशील नगर ,इंदिरा नगर पाच भवन ,आनंद विहार जबरन कॉलोनी,बुद्ध नगर ,लता मंगेशकर ऑडिटोरियम,जय हिंद नगर,,अमर टेकरी,स्कीम नंबर 136 अम्बेडकर उद्यान आदि कार्यर् म स्थलों का अवलोकन किया।

**रेल समाचार**

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मे ब्लॉक के के कारण रतलाम मंडल की ट्रेन प्रभावित

**विशेष प्रतिनिधि /अभियान आज तक**

रतलाम, 10 अप्रैल। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में राजनांदगांवङ्कलुमना खंड के अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण, पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली एक ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी ।

05 मई, 2025 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर ङ्क भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बिलासपुर ङ्क कटनी साउथ ङ्क जबलपुर ङ्क इटारसी चलेगी।

ट्रेनों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

**ट्रेन संख्या 12903 मुम्बई सेंट्रल ङ्क अमृतसर गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस के वडोदरा स्टेशन पर समय में परिवर्तन**

रतलाम, 10 अप्रैल। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेन संख्या 12903 मुम्बई सेंट्रल ङ्क अमृतसर गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस के वडोदरा स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह संशोधित समय मुम्बई सेंट्रल से दिनांक 20.04.2025 को चलने वाली ट्रेन से लागू होगा।

इस ट्रेन का वडोदरा स्टेशन पर वर्तमान आगमन समय 23.39 बजे तथा प्रस्थान समय 23.49 बजे है, जिसे संशोधित कर आगमन समय 23.34 बजे एवं प्रस्थान समय 23.44 बजे किया गया है। इसके अतिरिक?त इस ट्रेन के परिचालन में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है।

ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान सहित अन्य अद्यतन जानकारी के लिए यात्रीगण www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## काचीगुडा–हिसार के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रतलाम, 10 अप्रैल। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर ट्रेन संख्या 07717/07718 काचीगुडाङ्कहिसारङ्ककाचीगुडा स?पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेन रतलाम मंडल के विभिन्?न स्टेशनों पर ठहराव के साथ दोनों दिशाओं में 11-11 फेरे चलेगी। ट्रेन संख्या 07717 काचीगुडा ङ्क हिसार स?पेशल ट्रेन काचीगुडा से 17 अप्रैल, 2025 से 26 जून, 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 16.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रतलाम मंडल के रतलाम (21.55/22.05 बजे, शुर् वार), मंदसौर (22.46/22.48 बजे), नीमच (23.29/23.31 बजे) एवं चित?तौड़गढ़(ड़गढ़(01.30/01.35, शनिवार) होते हुए हिसार स्टेशन पर शनिवार को 14.05 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 07718 हिसार ङ्क काचीगुडा स?पेशल ट्रेन हिसार से 20 अप्रैल, 2025 से 29 जून, 2025 तक प्रत्येक रविवार को 23.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रतलाम मंडल के चित?तौड़गढ़(12.00/12.02, सोमवार) नीमच(14.00/14.02 बजे), मंदसौर (14.40/14.42 बजे) एवं रतलाम (15.23/15.25 बजे) होते हुए काचीगुडा स्टेशन पर मंगलवार को 22.00 बजे पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में मलकाजगिरि, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बसर, धर्माबाद, मुदखेड, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बीजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनू, चिड़ावा, लोहारू, और सादुलपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी क्लास कोच होंगे।

ट्रेनों के आगमन/प्रस?थान सहित अन?य अद्यतन जानकारी के लिए यात्रीगण www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल में ब्लॉक के कारण ट्रेनें प्रभावित

रतलाम, 10 अप्रैल। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के गोरखपुरङ्कगोंडा कैंट खंड के बीच तीसरी रेल लाइन के निर्माण कार्य हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रने प्रभावित होगी। प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्?नानुसार ह-

मार्ग परिवर्तन- ट्रेन संख?या 19037 बान्?द्रा टर्मिनस ङ्क बरौनी जंक?शन अवध एक?सप्रेस, 25, 27, 28, 29, 30 अप्रैल एवं 1 मई, 2025 को वाया बाराबंकी, अयोध?या कैंट ङ्क जौनपुर ङ्क वाराणसी ङ्क बनारस ङ्क औंड़िहार ङ्क छपरा - मुजफ्फरपुर जाएगी।

निरस?त ट्रेनें - 11, 18 एवं 25 अप्रैल तथा 2 एवं 9 मई, 2025 को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख?या 05053 (गोरखपुर ङ्क बान्?द्रा टर्मिनस स?पेशल) निरस?त रहेगी।

12,19 एवं 26 अप्रैल तथा 3 एवं 10 मई, 2025 को बान्?द्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख?या 05054 (बान्?द्रा टर्मिनस ङ्क गोरखपुर स?पेशल) निरस?त रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व ट्रेनों की अद्यतन जानकारी हेतु www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवलोकन

खेमराज मीना
जनसंपर्क अधिकारी-रतलाम मंडल

# बड़ी धूमधाम से मनाई महावीर जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा घर-घर उतारी आरती सजाई रंगोलिया

**आशीष सहेले/अभियान आज तक**

पठारी,विदिशा, / नगर के दिगंबर जैन मंदिर में भगवान श्री महावीर स्वामी जी की जयंती भक्ति भाव, श्रद्धा और आस्था के साथ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें प्रातः काल भगवान श्री महावीर स्वामी जी का अभिषेक कर शांति धारा की गई। जिसके पश्चात सुबह श्री जी की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। श्रीजी को रथ की पालकी में विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गई। जो दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर व्यास मोहल्ला, ग?ी मोहल्ला, तालाब रोड, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, साहू मोहल्ला होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर मंदिर जी में कलसा अभिषेक एवं शांति धारा एवं पूजन के पश्चात शोभा यात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान जैन धर्म के अनुयायियों ने घर घर द्वार द्वार रंगोली सजाकर श्री जी की भक्ति भाव के साथ आरती कर धर्म लाभ लिया। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद पोशाक पहनकर जैन धर्म के स्लोगन वाले दुपट्टा धारण किए हुए थे। वहीं महिलाएं पीली और भगवा साड़ी धारण किए हुए थी। इस दौरान समाज के सभी वरिष्ठ युवा महिला सभी मंडल एवं तहसीलदार अभिषेक पांडे सहित पुलिस अपने दलबल के साथ मौजूद रहा।



# महेश्वर से निकली 5 दिन की माहिष्मती नर्मदा पंचकोशी यात्रा का नगर में जय भोले के जय घोष से हुआ अगमन

**कसरावद से आकाश सांवले / प्रतिनिधि अभियान आज तक**



महिष्मति नर्मदा पंचकोशी यात्रा का गुरुवार को चौथे दिन कृषि उपज मंडी कसरावद नगर में आगमन हो गया पंचकोशी यात्रा में शामिल होने आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का सिलसिला बुधवार देर - रात से ही नगर में आना शुरू हो गया। जीवन दायिनी मां नर्मदा की परिर् मा के लिए विभिन्न स्थान के श्रद्धालु ध्वज लेकर नर्मदे हर, बम भोले, ओम नमः शिवाय, जय घोष के साथ हजारों परिर् मा वासियों का कांरवा शहर के मुख्य मार्गो से गुजरा। बताया जा रहा है कि पंद्रह हजार से अधिक पंचकोशी यात्री यात्रा में शामिल हुए।। इस दौरान जगह-जगह संगठनों भक्तों द्वारा स्वागत भी किया गया इसके बाद पंचकोशी यात्री मुख्य मार्गो से होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचे कसरावद नगर के समिति श्रद्धालुओं द्वारा जन सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। यहां प्रसादी ग्रहण करने के बाद पंचकोशी यात्री अपने अपने टोलियों के साथ भजन, कीर्तन करते हुए नजर आए। या रात्रि विश्राम कर सुबह भिलगांव, डोंगरगांव होते हुए ग्राम ढालखेड़ा पहुंचेगी। एवं अन्य विभागों का प्रशासनिक अमला भी अलर्ट रहा।

# जिला अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव

## अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे विजय कुमार दुबे ने समर्थन के साथ नामांकन-पत्र भरा हर पद पर चार दावेदारजोशीला अंदाज इस बार



**आंकाक्षा सिंह /अभियान आज तक**

इंदौर / जिला कोर्ट अभिभाषक संघ के 15 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए मुख्य पांच पदों सहित कुल 11 पदों के लिए प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। इस बार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष के पद पर चार-चार उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

अध्यक्ष पद के लिए कल नामांकन-पत्र के आखिरी दिन *विजय दुबे ने

अपना नामांकन दाखिल कर सभी को चौंका दिया। अब अध्यक्ष पद के लिए एलएल यादव, राकेश पाल, गोपाल कचोलिया और विजय दुबे उम्मीदवार हैं। वहीं उपाध्यक्ष के लिए जितेंद्र नीम, राजू पंवार, अनुपम बाथम, श्रीराम भदौरिया अपने नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। सचिव पद पर संदीप शर्मा,

विशाल रामटेके, अमित पाठक और कपिल बिरथरे के नाम सामने आए हैं। सहसचिव पद पर श्रवण मिश्रा, विजय व्यास, अतुल त्रिवेदी और जयदीपसिंह गौड़ दावेदारी जता रहे हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए मुकेश तोमर, शिवशंकर वर्मा, पुरुषोत्तम सोमानी और सुधीर नायक के नाम सामने आ रहे हैं। कार्यकारिणी में 18 लोगों के नाम हैं, जिनमें 7 महिलाएं इस बार अपना भाग्य आजमा रही हैं।

12 तक लिए वापस लिए जा सकेंगे नामांकन चुनाव

अधिकारी आज नामांकन पत्रों की जांच कर 11 अप्रैल को दावेदारों की सूची का प्रकाशन करेंगे। 12 अप्रैल नामांकन वापसी की अंतिम तारीख रहेगी और प्रत्याशियों के नाम पर मोहर लगेगी। 15 अप्रैल को सुबह 11 से शाम 4.30 बजे तक वोटिंग होगी। इसके पश्चात वोटों की गिनती कर देर रात तक परिणाम घोषित किए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो इस बार नाम वापसी को लेकर संभवतः किसी भी पद पर कोई प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा।

# डॉ शरद राही, शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश का ग्लोबल टॉप 50 अवार्ड कन्याकुमारी के लिए चयन

**विशेष प्रतिनिधि अभियान आज तक**

कन्याकुमारी / राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने में अग्रणी गोपाल किरन समाजसेवी संस्था जो कि एक पंजीकृत स्वैच्छिक गैर राजनीतिक संस्था है जो कि वर्ष 1986 से सशक्त समता मूलक समाज के लिए कार्यरत है। उसने अपने कार्य की शुरुआत शिक्षा की गतिविधियों से आरंभ कर उस से प्राप्त अनुभवों के आधार पर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के लिए कार्यरत है।

संस्था भारत सरकार के विभिन्न अधिनियम के तहत पंजीकृत एवं वर्तमान में अनूठी, नवाचार के लिए देश में कार्यरत है। संस्था ने अनूठे प्रयास से देश में ही नहीं भारत के बाहर के देशों में अपना विशिष्ट स्थान बनाया । देश के विभिन्न राज्यों मध्य प्रदेश,गुजरात,उत्तरांचल, कर्नाटक,जम्मू कश्मीर,पंजाब,हरियाणा,तमिलनाडु, में भव्य कार्यर्₹ म आयोजित कर सांस्कृतिक सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में देश की उभरती हुई विभूतियों को सम्मानित किया उसी शृंखला में

13 अप्रैल को डॉ आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर गोपाल किरण समाजसेवी संस्था द्वारा एसोसिएशन फॉर म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में ग्लोबल सेमिनार एवं अवार्ड समारोह कन्याकुमारी वाईएमसीए इंटरनेशनल गेस्ट हाउस में ग्लोबल टॉप 50 अचीवर्ड अवॉर्ड एवं सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

13 अप्रैल कन्याकुमारी के इस भव्य कार्यर्₹ म में उत्तर प्रदेश से डॉ शरद राही को नॉमिनेशन करने का अवसर मिला।

युवाओं में संगीत के माध्यम से राष्ट्रीय एकता के पोषण,हर वर्ग के गायकों को अवसर देने व साहित्यकारों/प्रबुद्ध जनों की लेखनी को अपने एस एस एस साउंड रिकॉर्डिंग स्टूडियो एंड ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के माध्यम से जन -जन तक पहुंचाने तथा विभिन्न सामाजिक सामाजिक कार्यों में सर्₹ यता हेतु गोपाल किरण समाजसेवी संस्था संस्था के योग्य निर्णायक मंडल द्वारा चयनित देश के प्रथम 50 नॉमिनेशन में डॉ. शरद राही को स्थान मिला है.

वह हृदय तल से गोपाल किरण समाजसेवी संस्था का आभार व्यक्त करते हैं.यह सम्मान उनको कन्याकुमारी में आयोजित कार्यर्₹ म में प्रदान किया जाएगा।




## श्रीमद् भगवत कथा पूर्व विद्वत् जनो द्वारा निकाली गयी कलश यात्रा

**शिव शंकर तिवारी 'सोहगौरा' अभियान आज तक**

प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश)। सगरा सुन्दरपुर के स्थानीय ग्राम सभा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा से पूर्व कथा वाचक व्यास सर्वेश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में लोक कल्याण के निमित्त कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व आयोजक ब्रम्हाकान्त द्विवेदी एवं गीता द्विवेदी द्वारा व्यासपीठ का विधिवत पूजन किया गया।कथा व्यास सर्वेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा इस कलिकाल में अमृत के समान है इसका श्रवण रसपान करने से मनुष्य सभी से पापों से मुक्त हो जाता है।कलश यात्रा आयोजन स्थल से शुरू होकर स्थानीय बाजार स्थित बाबा नर्वदेश्वरनाथ धाम में पूजन अर्चन के बाद वापस कथा स्थल पंहुची।यात्रा में शामिल सैक?ों श्रद्धालुओं ने डीजे धुनों पर बज रहे भक्ति गीतों पर नाचते गाते हुए जयकारे लगाकर,पूरे क्षेत्र को भक्ति और आस्था संचायमान कर दिया।कलश यात्रा के निर्विघ्न संचालन में चौकी



इंचार्ज रामनरेश यादव दल बल के साथ सहयोग में लगे रहे।कलश यात्रा में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र,सूबेदार सिंह राणा,समाजसेवी संजय शुक्ल,राजीव मिश्र,शिवम द्विवेदी,हरीश तिवारी,शिव शंकर शुक्ल,कुलदीप शुक्ल,गरुण तिवारी,पारस नाथ तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## महावीर स्वामी जयंती पर समग्र जैन समाज का चल समारोह निकला

**मंदिरों में भगवान के अभिषेक हुए, स्थानको में हुए धर्म उपदेश**



**( डॉ. अशोक शास्त्री ) अभियान आजतक**

धार। भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर समग्र जैन समाज का चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकला। जुलूस में दिगंबर, श्वेतांबर समाज के सभी घटक के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। चल समारोह समापन के पश्चात मंदिरों में भगवान अभिषेक हुए और स्थानक में धर्म उपदेश भी हुए। चल समारोह में भगवान के दो रथ भी आगे आगे चल रहे थे। स्थान-स्थान पर भगवान की आरती उतारी गई। कई स्थानों पर शीतल जल की व्यवस्थाएं भी धर्म बंधुओं ने की थी। मीडिया प्रभारी सुभाष जैन ने बताया की जुलूस में महिलाएं केसरिया वस्त्र व पुरुष सफेद वस्त्र धारण किए हुए थे। दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर में अभिषेक के दौरान भगवान के अभिषेक करने की दो बोली का लाभ सुरेशचंद्र रूपेश कुमार ब?जात्या एवं शिवानी विजय कुमार रावका ने लिया। जुलूस में ब?ी संख्या में शामिल महिलाएं वह पुरुष महावीर स्वामी के उपदेश अहिंसा का नारा जोर-जोर से लगा रहे थे। संध्या को मांगतुगगिरी तीर्थ पर भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा हुई। यहां पर भगवान महावीर को पालना झूलने के लिए नए पालना लाया गया जिसकी बोली का लाभ जेनिशा ग्रुप को मिला। अंत में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्रेणिक गंगवाल ने धर्म बंधु का स्वागत किया। आभार सचिव संजय छाब?ा ने माना। अतिथियों का स्वागत प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष नरेश गंगवाल ने किया।




# अगले तीन साल में मप्र का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनाएंगे- केन्द्रीय मंत्री गड़करी

**धार जिले के बदनावर में सीएम डॉ यादव और केन्द्रीय मंत्री गड़करी ने 5800 करोड़ रूपए की लागत के 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का किया लोकार्पण-भूमिपूजन, सीएम मोहन यादव ने कहा- पीएम मोदी जी के नेतृत्व में अटल जी का देश के कायाकल्प का स्वप्न हो रहा है साकार**





( डॉ. अशोक शास्त्री ) अभियान आजतक

धार। जिले के बदनावर में गुरूवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी और सीएम डॉ मोहन यादव ने 5800 करोड़ रूपए की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मंत्र श्री गड़करी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार हैं। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनाएंगे। राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं।

**मप्र को देश का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनाएंगे :** मंत्री श्री गड़करी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। मप्र में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनाएंगे। श्री गड़करी ने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से ब? रहा है।

## सीएम की मांग पर 6 नई परियोजना मंजूर

कार्यर₹ म में मौजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मांग पर केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी ने मंच से केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 किमी लंबाई 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रूपए की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की।

एनएच परियोजनाओं से सिंहस्थ के सफल आयोजन में मिलेगी मदद- सीएम - मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि देश में अमृतकाल चल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश का कायाकल्प करने का जो स्वप्न देखा था, पीएम मोदी अटल जी के उसी स्वप्न को साकार करने की दिशा में अनथक गति से अग्रसर हैं। हम रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर गांव के साथ-साथ शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इंदौर और भोपाल जल्द ही मेट्रोपॉलिटिन सिटी बनेंगे। ग्रामीण हो या शहरी सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मालवा अंचल को सीधे तौर पर लाभांवित करने वाली इन सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से सरकार को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन में भरपूर मदद मिलेगी। हम विरासत से विकास की और बढ़ रहे है। केन्द्र सरकार की मदद से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग को केन्द्रीत रखकर इसे गुजरात के सोमनाथ और औंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से एक सूत्र में जोड़ेंगे। केन्द्र सरकार से इसको लेकर मांग की है।

**इन सड़क परियोजनाओं का हुआ भूमिपूजन-लोकार्पण-** केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उज्जैन-बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन स?क, उज्जैन-गरोठ के खे?ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे, उज्जैन-गरोठ के सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे, जीरापुर-सुसनेर-मध्यप्रदेश एवं राजस्थान बॉर्डर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क और बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन स?क का भी लोकार्पण किया। इसी प्रकार संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क, चंदेरी-पिछोर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क, इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाई ओवर एवं अंडरपास, शाजापुर, कनासिया एवं एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में 3 फ्लाई ओवर, अंडरपास तथा रसलपुर जंक्शन पर फ्लाई ओवर के कार्यों का भूमि-पूजन किया।

## मंत्रीद्वय ने किया संबोधित

कार्यर₹ म में केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने जनजातीय आबादी वाले धार जिले के बदनावर के ग्राम खे?ा में इस भव्य आयोजन के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार माना। उन्होंने कहा कि धार जिले से तीन ज्योतिर्लिंग मार्ग जु?ते हैं। पर्यटन स्थल मांडू और बदनावर में खुले पीएम मित्र पार्क से इस क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलेगी और रोजगार ब?ेंगे। वहीं नगरीय एवं आवास विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के विजन से देश का अधोसंरचनात्मक परिदृश्य बदल रहा है। देश और प्रदेश में धार्मिक स्थलों की सूरत बदल रही है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 के आयोजन के लिए हम केन्द्र सरकार के सतत सम्पर्क में है। उन्होंने चित्रकूट धाम के विकास के लिए सतना से चित्रकूट तक 4 लेन स?क की मांग की, जिसे केन्द्रीय मंत्री ने मंच से मंजूरी दे दी। वहीं लोक निर्माण मंत्री राकेशसिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने देश में स?कों का जाल बिछाया है। उन्होंने श्री गडकरी को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए बताया कि जीआईएस-2025 में एनएचएआई ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ 1 लाख करोड़ रुपए के विकास कार्यों का एमओयू किया है। अगले तीन वर्षों में यह परियोजनाएं जमीन पर नजर आने लगेगी।

## यह थे मौजूद

कार्यर₹ म में मौजूद मंत्रीद्वय व सीएम ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यर₹ म में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया, सांसद शंकर लालवानी, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सदस्य् बंशीलाल गुर्जर, विधायक कालू सिंह चौहान, विधायक श्रीमती नीना विर₹ म वर्मा, विधायक जितेंद्र पंड्या, पूर्व मंत्र राजवर्द्धनसिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती, प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। हेलीपैड पर केन्द्रीय मंत्री श्रीमती ठाकुर व जिलाध्यक्ष श्री भारती ने मंत्री श्री गड़करी का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

# सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की नर्मदा परिक्रमा का शुक्रवार को समापन ओंकार पर्वत की परिक्रमा कर माँ नर्मदा का पूजन बाबा भोलेनाथ का करेंगे जलाभिषेक शुक्रवार सुबह 10 बजे पहुँचेगे ओंकारेश्वर

संदीप अभियान आज तक
जिला ब्यूरो चीफ

बुरहानपुर। (अभियान आज तक) विश्व शांति कल्याण एवं नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य को लेकर खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की नर्मदा परिर₹ मा का कल शुर₹ वार को ओंकारेश्वर में समापन होंगा। उल्लेखनीय हैं कि गत दिनों सांसद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा भोलेनाथ ओंकारेश्वर-ममलेश्वर के दर्शन व गौमुख घाट पर माँ नर्मदा का पूजन कर राष्ट्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए जगत जननी जीवन दायिनी माँ नर्मदा की परिर₹ मा यात्रा वाहन से प्रारंभ की थी। परिर₹ मा पर निकले सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने सभी नर्मदा प्रेमियों व आम जन मानस से नर्मदा को शुद्ध रखने पॉलिथीन नहीं फेंकने व पर्यावरण की रक्षा करने तथा नर्मदा को प्रदुषण मुक्त रखने की अपील की थी।

यात्रा के दौरान सांसद ने संतजनों का आशीर्वाद लिया वही परिर₹ मा मार्ग में श्री दादा गुरु भगवान के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 11अप्रैल शुर₹ वार को सांसद पाटील ओंकारेश्वर में ओंकार पर्वत की परिर₹ मा,माँ नर्मदा का पूजन व बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाएंगे और इसी के साथ नर्मदा परिर₹ मा का समापन होंगा।

## नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर किया दर्शन- पूजन

सांसद श्री पाटील ने नर्मदा परिर₹ मा ओंकारेश्वर से प्रारंभ की थी यहाँ से महाराष्ट्र के श्रीक्षेत्र केदारेश्वर महादेव मंदिर, गुजरात के विमलेश्वर से समुद्र पार करते हुए मां नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद श्री रंग अवधूत धाम नागेश्वर में महादेव जी के दर्शन के बाद अलीराजपुर, महेश्वर,बड़वाह बागली होते हुए पवित्र सिद्ध पीठ सलकनपुर मंदिर में मां बिजासन देवी के दर्शन के बाद जबलपुर में दक्षिणेश्वर भगवान सत्य मारुति के दर्शन किये। गुरुवार को यात्रा नर्मदा नदी के उ–म स्थल अमरकंटक में पहुँची सांसद श्री पाटील ने भगवान शिव व माँ नर्मदा की पूजा अर्चना कर अपने अगले प?ाव की और प्रस्थान किया । शुर₹ वार को सुबह 10 बजे ओंकारेश्वर में पहुंचेंगे यहां नर्मदा परिर₹ मा यात्रा का विधिवत समापन होगा।



# भाजपा का विधनसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ

**राजेश भारतीय/ अभियान आज तक**




**पचोर ब्यूरो।** भाजपा स्थापना दिवस साप्ताहिक समारोह के दौरान विधानसभा सरि य सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी की विभिन्न नीतियों के बारे में बताया। प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बुधवार को स्थानीय बालाजी गार्डन सारंगपुर में विधानसभा स्तरीय सरि य कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यर म में मुख्य रूप से मंचासीन राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सांसद रोडमल नागर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर पूर्व विधायक कुंवर कोठार भाजपा वरिष्ट नेता निर्मल जैन अक्षय सक्सेना जिला मंत्री राधेश्याम गुर्जर जनपद अध्यक्ष देव नागर नगर पालिका सारंगपुर अध्यक्ष पंकज पालीवाल भाजपा मंडल पचोर अध्यक्ष विकास दीक्षित सहित सारंगपुर विधानसभा के सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति रही। आयोजित सम्मेलन के पहले सत्र में क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने कहा कि भाजपा नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के विकास का स्वर्णिम काल बताया। और उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद देश ने भ्रष्टाचारमुक्त शासन देखा है और आधारभूत संरचना से लेकर जनकल्याण योजनाओं तक व्यापक बदलाव हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छ भारत मिशन शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

दूसरे सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने देश की एकता और अखंडता पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी इसकी विचारधारा और विचार आधारित कार्यकर्ता हैं।

जनसंघ से शुरू हुई यात्रा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने जो विचार और आदर्श दिए, उन्हीं के आधार पर भाजपा आज राष्ट्रहित में कार्य कर रही है।तीसरे सत्र में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को साकार कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसमें लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाहन किया जाता है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिसका हमें गर्व है जो राष्ट्र के लिए काम करती है। और उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता नही, राष्ट्र प्रथम होता है।

आज कार्यकर्ताओ की वजह से पार्टी एक विशाल पार्टी का रूप ले पायी है। आज देश के विभिन्न प्रदेशो मे भाजपा सरकारे है ओर केंद्र भी पिछले दस सालो से भाजपा पार्टी की है। आज भाजपा देश ही नहीं विदेश की भी सबसे ब?ी पार्टी सिर्फ कर्मठ कार्यकर्ताओ की वजह से ही बन पायी है। इस अवसर पर पृथ्वीराज टेटवाल संजय विजयवर्गी निलेश वर्मा रामभरोस यादव मोहन गुप्ता पुरषोत्तम वैष्णव बद्रीलाल भंडारी बनवारी सोनी सीताराम लहरी मनीष सक्सेना भावना वर्मा श्री मति कल्पना उपाध्याय नीलम सक्सेना कुसुम भारतीय संध्या पंडित विनती जुलानिया सन्धिका गुप्ता भावना वर्मा सुदर्शन सोनी रवि शर्मा अमित गोस्वामी दीपक चौहान अरुण खत्री संदेश राजोरे राजेश भारतीय बृजेश विजयवर्गीय शैलेंद्र मालवीय हरिचरण लोधी संजय तिवारी संजय यादव संजय राठौर कैलाश नागर शहीद कई भाजपा सरि य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# समग्र जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर पालकी यात्रा निकाली गई



**राजेश जैन दद्दू/ अभियान आज़ तक**

इंदौर। राजेंद्र नगर दिगंबर और श्वेतांबर जैन समाजजन द्वारा संयुक्त रूप से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर समंग्र जैन एकता के साथ भगवान महावीर की पालकी यात्रा निकाली गई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जिसमें भगवान महावीर के जयकारे और भजन कीर्तन करते हुए क्षेत्र के समंग्र सैकड़ो जैन परिवार के साथ पार्षद प्रशांत बडवे,, जैन फोरम संस्थापक अशोक मेहता, कांतिलाल बम, निर्मल कासलीवाल आदि कई गणमान्य नागरीक इस धर्म यात्रा में शामिल हुए।

जुलूस संयोजक दीपक पाटनी ने बताया कि जुलूस मार्ग पर रहवासियों द्वारा अपने अपने घरों पर रंगोली सजाई गई एवं जुलूस मे जैन पाठशाला के बच्चे विभिन्न वेशभूषा पहनकर भगवान महावीर के संदेश लिखे पोस्टर लेकर शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर में गुल्लक योजना के अंतर्गत श्रीमती मनोरमा पाटनी द्वारा ?10 प्रतिदिन जमा करने की योजना का शुभारंभ किया गया। अतिथि स्वागत माणक चौधरी एवं राजेश तेजावत द्वारा किया गया सभा को संबोधित करते हुए अशोक मेहता ने समग्र जैन एकता के साथ निकाली इस पालकी यात्रा को अनुकरणीय बताया एवं पार्षद प्रशांत बडवे ने अपने उद्बोधन में सभी को बधाई द्वारा दी।



# गुरु को सदैव हृदय में स्थान दें : जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज

## ट्री मैन अतुल मेहरोत्रा ने कार्यर्₹ म में बांटे निशुल्क पौधे, पूज्य गुरुदेवश्री ने दिया आशीर्वाद, हेमंत पांडे ने किया सत्कार

**डॉ संजय जोशी, अभियान आज तक**



हल्द्वानी। परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जग–ुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने वीरवार को गुरु की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए "गुरु श्रद्धा से भी ऊंचे हैं, यह बात जमाना क्या जाने.. संगीतमय पंक्तियों के साथ कहा कि इस जगत में परमपिता परमात्मा से बड़ा कोई नहीं है। लेकिन गुरु को सदैव हृदय में स्थान देना चाहिए तथा उन्हें श्रद्धा का विषय बना कर ही भक्ति करनी चाहिए। वे बोले कि देव, गुरु और धर्म का महत्व हर व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण ही नहीं आवश्यक है। स्थानीय एमबी पीजी कॉलेज ग्राउंड में पहली बार हो रहे 14 दिवसीय श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ पूजा महोत्सव में 12 वें दिन यहां बने विशाल अष्ट लक्ष्मी अष्ट भैरव दर्शन मंडप में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नकारात्मकता को त्यागने व सकारात्मक सोच के साथ प्रगति पथ पर बढ़ने का मांगलिक आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि श्रेष्ठतम जीवन एवं उन्नतिपरक जीवन के लिए शुभ दृष्टि रखनी चाहिए। इस दौरान साधना के शिखर पुरुष पूज्यपाद जग–ुरु ने गृहिणी महिलाओं के लिए विशेष सत्र के तहत् पति-बच्चों, घर-परिवार सहित सुखी जीवन जीने का आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी किया। श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम तमिलनाडु के हल्द्वानी उत्तराखंड चैप्टर के प्रमुख हेमंत पांडे ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः से जप पूजा आराधना साधना के ₹ म से शुरू हो रहे महोत्सव में शाम को काशी के विद्वान पंडितों के माध्यम से सर्व सिद्धि प्रदायक सर्व देवी देवता महायज्ञ में आहुतियां दी जा रही है। कार्यर्₹ म का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल थॉट योगा एवं आस्था पर लाइव प्रसारित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि वीरवार को कल्पतरु वृक्ष मित्र समिति के प्रेसिडेंट ट्री मैन अतुल मेहरोत्रा एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रेसिडेंट अनिल अग्रवाल ने बतौर अतिथि कार्यर्₹ म में शामिल होकर पूज्यपाद जग–ुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज का वंदनीय शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान आयोजन प्रमुख हेमंत पांडे ने अतिथि सत्कार किया। कार्यर्₹ म में पूज्यपाद जग–ुरु की प्रेरणा से सभी श्रद्धालुओं को ट्री मैन की ओर से निशुल्क पौधों का वितरण किया गया। विभिन्न व्यवस्थाओं में हेमंत पांडे के साथ दिनेश पांडे, प्रमोद पांडे, पंकज पांडे, नरेश साजवानी, विजय चौधरी, महेश खुल्बे, डॉ मंजुल कांडपाल, रमेश कांडपाल, संदीप बिनवाल, हेमा पांडे, स्वाति पांडे, लीजा पांडे, नीलांश पांडे, यतिन पांडे, भुवन जोशी, धर्मेंद्र पाण्डे, छितिज पाण्डे, करन चौधरी, खष्टी नंद जोशी, डिप्टी सिंह आदि ने सहयोग किया। अभिमंत्रित रक्षा कवच रुपी लाल धागा मिलेगा आज.. हेमंत पांडे ने बताया कि पूज्यपाद जग–ुरु की निश्रा में शुर्₹ वार को आयोजन स्थल पर आगंतुक श्रद्धालुओं को कुलदेवता, ईष्टदेवता की दिव्य कृपा प्रदायक दिव्य मंत्रों से धागे में गांठ देकर कलाई में बांधने का विशेष मंत्र अनुष्ठान कराया जाएगा। यहां अभिमंत्रित लाल धागा भी कार्यर्₹ म स्थल पर निशुल्क दिया जाएगा।

# बीस पंथी दिगम्बर जैन समाज का भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बीस पंथी जैन नसियाजी पहुंचा

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढ़ (अभियान आजतक )बीस पंथी समाज अध्यक्ष जयंतीलाल सेठ ने बताया कि आज प्रातः दिगंबर जैन समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तत्पश्चात मंदिर जी से जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। यह भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बीस पंथी जैन नसियाजी पहुंचा। वहां पर समस्त समाज द्वारा कलशों से अभिषेक, शांति धारा ,पूजन तथा आरती का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। श्री जी पर अभिषेक का लाभ हंसमुखलाल सेठ परिवार, पारस सिंघवी , निर्मल धीरावत , निलेश कोठारी, राजमल सिंघवी , महावीर शाह ने लिया। रात्री में बीस पंथी जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यर्₹ म किया गया जिसमें सभी वर्ग के बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

आज सम्पूर्ण देश में भगवान महावीर स्वामी की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह शुभ दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर, भगवान महावीर के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जीवन अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों का प्रतीक रहा है, जो आज भी मानवता के लिए एक प्रेरणा हैं।महावीर स्वामी ने "अहिंसा परमो धर्मः" का संदेश देकर समाज को करुणा, सहिष्णुता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाया। उनके विचार न केवल जैन समुदाय बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के लिए कल्याणकारी हैं।